# अवैध शराब पकड़ी, देशी कट्टे के साथ एक बंदी

**गाडरवारा देशबन्धु।** अवैध शराब के कारोबारियों के विरूद्ध कार्यवाही, 18 आरोपियों से 51 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, 85 पाव देशी शराब एवं जप्त एवं 600 किलोग्राम महुआ लहान नष्ट किया गय। थाना गाडरवारा पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्त में लेकर एक 315 बोर का देशी कट्टा जिन्दा कारतूस सहित जप्त किया गया।





उल्लेखनीय है कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 18 आरोपियों से 51 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 85 पाव देशी शराब एवं जप्त - जिला नरसिंहपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत तीन दिवस में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 2 आरोपियों से 8 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त, थाना करेली पुलिस द्वारा 2 आरोपियों से 2 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 14 पाव देशी शराब जप्त, थाना मुंगवानी पुलिस द्वारा 2 आरोपियों से 5 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 16 पाव देशी शराब जप्त, थाना ठेमी पुलिस द्वारा 1 आरोपी से 16 पाव देशी शराब जप्त, थाना चीचली पुलिस द्वारा 1 आरोपी से 5 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त, थाना पलोहा पुलिस द्वारा 1 आरोपी से 12 पाव देशी शराब जप्त, एवं थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा 9 आरोपियों से 31 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 27 पाव देशी शराब जप्त की गयी एवं 600 किलोग्राम महुआ लाहान एवं अवैध शराब बनाने की सामग्री नष्ट की गयी है।

इस प्रकार कुल 18 आरोपियों से 51 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 85 पाव देशी शराब जप्त की गयी एवं 600 किलोग्राम महुआ लहन नष्ट किया गया है। थाना गाडरवारा पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्त में लेकर एक 315 बोर का देशी कट्टा जिन्दा कारतूस सहित जप्त किया ।

विगत सोमवार को थाना गाडरवारा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुये आरोपी कमोद गुर्जर पिता लालसाहब गुर्जर, उम्र 42 साल, निवासी ढिगसरा को एक 315 बोर का देशी कट्टा जिन्दा कारतूस सहित जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफत में लेकर उसके विरूद्ध अपराध क्रमांक 500/2025 धारा 25, 27 (एक) आर्म्स एक्ट पंजीवद्ध किया गया है।

# वरिष्ठ जन परिषद की बैठक आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नियमित गीता रामायण सत्संग के आयोजन सहित सम सामयिक बिषयों पर भी वरिष्ठ जन परिषद निरंतरअपनी सहभागिता दे रही है। बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर नरसिंहपुर आयोजित बैठक में परिषद ने अनेक मुद्दों पर चर्चा की। पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी पं.विजय शर्मा पं.सी बी शर्मा अरुण खरे द्वारा हनुमान चालीसा पाठ और संकीर्तन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।



डा महेश त्रिपाठी डा केदार गुप्ता ने गर्मी में स्वस्थ्य रहने हेतु सार्थक सुझाव दिये।डा अनंत दुबे ने पशु पक्षियों के लिए जलपान व्यवस्था हेतु कारगर तरीके बताये। ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने सबसे कठिन सवाल है इस सदी का ये,कैसे जियेगा आदमी पानी बिना कविता के माध्यम से पानी बचाओ का सार्थक संदेश दिया।

वक्ताओं मेंएम एल हरदेनिया डी डी गोस्वामी बी एस पटेल यू एस उपाध्याय प्रभात राय अनिल राय एस के चतुर्वेदी सुबोध शर्मा देवेन्द्र दुबे सहित अनेक वक्ताओं ने तरोताजा संतुलित भोजन भरपूर स्वच्छ जल हवादार जगह में योगा और धूप से बचाव सहित इस दिशा में संकल्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

## सार-समाचार

### साईंखेड़ा विकासखंड को मिली नई शिक्षा अधिकारी, सीमा डोंगरे आज बीईओ कार्यालय में स्टॉफ से मिलीं

**गाडरवारा देशबन्धु।** साईंखेड़ा विकासखंड की नवनियुक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी (सहायक संचालक) सुश्री सीमा डोंगरे ने मंगलवार को गाडरवारा स्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालय स्टाफ से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने विकासखंड के प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों से भेंट की तथा शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रशासनिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर वर्तमान बीईओ प्रतुल इन्दुरख्या, बीआरसी संदीप स्थापक, प्राचार्य एसके मिश्रा, प्राचार्य सुशील शर्मा, प्राचार्य श्रीमति मुमताज खान, प्राचार्य लेखा कौरव, चंद्रकांत साहू, अमित पटेल, हरिओम जाटव एवं आलोक सोनी,नवीन गुप्ता, कृष्ण कुमार पाठक,सहित कई शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।सुश्री डोंगरे ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारना एवं समय पर शिक्षकों की विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही उन्होंने टीम भावना से कार्य करते हुए छात्र हित में योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने पर बल दिया। प्राचार्य संघ की ओर से प्रतुल इन्दुरख्या एवं सुशील शर्मा ने नवागत सहायक संचालक को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ जिसमें सभी ने नवागत सहायक संचालक को शुभकामनाएँ दीं।

### चीचली क्षेत्र में सट्टे का कारोबार बेरोकटोक जारी, प्रशासन मौन

**गाडरवारा देशबन्धु।** चीचली क्षेत्र में धड़ल्ले के साथ खिल रहा है सट्टा यहां सट्टा किंग द्वारा दिनदहाड़े टेबिल लगाकर काटी जा रही है पट्टी द्य सूत्रों की माने तो यहाँ प्रतिदिन कई लाखों रुपए की सट्टा पट्टी काटी जा रही है वहीं पुलिस मूकदर्शक बनकर सारा तमाशा देख रही है द्य ऐसा नहीं है कि इस सट्टे के अवैध कारोबार की जानकारी पुलिस को ना हो परंतु जानबूझकर इनके ऊपर कार्यवाही न करना समझ से परे है द्य अगर इस सट्टे के अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगी तो क्षेत्र की युवा पीढ़ी भी बुरी तरह से इस अवैध कारोबार की चपेट में आ जाएगी ।

### विश्व वसुंधरा दिवस पर मुंगवानी, मुराछ व शासकीय स्कूलों में आयोजित चित्रकला, लघु नाटिका व रैली सहित अन्य गतिविधियां

**गाडरवारा देशबन्धु।** विश्व वसुंधरा दिवस पर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगवानी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला गाडरवारा में विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगितायें आयोजित की गई। विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला, लघु नाटिका व रैली निकालकर नागरिकों को जल संरक्षण व संवर्धन, पौधरोपण सहित प्राकृतिक के संरक्षण का संदेश दिया। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगवानी में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित रचनात्मक पेंटिंग बनाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुरभि गोलहानी एवं कक्षा 10 वीं छात्रा महिमा ब्राम्हण, द्वितीय स्थान कक्षा 9 वीं की छात्रा खुशी जाटव और तृतीय स्थान कक्षा 11 वीं के छात्र निकिता लोधी व कक्षा 9 वीं के छात्र दशरथ ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्य फूलसिंह मेहरा द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मेहरा ने पृथ्वी संरक्षण, पौधरोपण, जल का संरक्षण व संवर्धन और प्लास्टिक का कम उपयोग करके पर्यावरण की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने प्रत्येक छात्र को एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की बात कही।

# पृथ्वी दिवस पर स्कूली बच्चों ने दिखाया हुनर, जीता इनाम

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर शीतला पटले की मौजूदगी में उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में विश्व वसुंधरा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। यहां बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने पक्षियों के लिए जल पात्र- सकोरे लगाये। कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, नाटक के माध्यम से जलवायु परिवर्तन आदि के बारे में बताया। कलेक्टर पटले ने भाषण व चित्रकला आदि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मिशन लाइफ स्टाइल कार्यक्रम की शपथ भी दिलाई गई।



## आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई कलेक्टर

कलेक्टर पटले ने कहा कि बच्चों ने भाषण, पेंटिंग व पोस्टर के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त किया है। ये सभी विचार हमारे मन में होते हैं। हम सभी को पता है कि पानी का सदुपयोग नहीं हो रहा है और वायु को प्रदूषित कर रहे हैं। हम सबको मिलकर इसका समाधान करना चाहिये। हमें पर्यावरण के साथ जीना है, अत: इसे संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार एक पेड़- मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किये गये थे।

इस वर्ष भी राज्य शासन ने 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय जीएस पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। विश्व वसुंधरा दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय के अलावा, सीएम राइज स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, चांवरा विद्यापीठ नरसिंहपुर ने सहभागिता की। भाषण प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में चांवरपाठा विद्यापीठ की छात्रा तृषा कोष्टी प्रथम, उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा आराध्या मालवीय द्वितीय व चांवरा विद्यापीठ की छात्रा प्रमांशी कौरव तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में 57 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा समृद्धि नेमा प्रथम, दीक्षा बरकड़े द्वितीय व शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा सृष्टि चौरसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक रामनरेश रावत ने मंच से क्विज प्रतियोगिता कराई। सही उत्तर देने वाले 25 विद्यार्थियों को पेन देकर सम्मानित किया। उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्लास्टिक और रसायन से होने वाले प्रदूषणों पर आधारित तथा केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने जल संरक्षण व संवर्धन पर आधारित नाटक का मंचन किया।

इस अवसर पर मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा, मास्टर ट्रेनर पर्यावरण क्लब आनंद नेमा, डॉ. अशोक उदेनिया, वरिष्ठ अध्यापक बीएन पांडे, रामदीन ठाकुर, समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शिवानी चौरसिया व रूपेश भालसे और आभार गीता विश्वकर्मा ने व्यक्त किया।



## बच्चों को समझाया गया पर्यावरण का महत्व

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व वसुंधरा दिवस पर्यावरण के प्रति चेतना व धरती माता के प्रति संवेदना जागृत करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ में चित्रकला , एकांकी , कविता पाठ व शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए । बच्चों को समझाया गया कि जीवन - यापन करने के लिए बस एक ही पृथवी है हमारे पास अत: उसके संसाधनों का उपयोग तो करें पर शोषण कदापि न करें , धरती माता की रक्षा करें। जंगल बचाएं , हरियाली लाएं और पेड़ लगाकर उनकी सेवा करें । इस अवसर पर छात्रा मानसी लोधी , मुस्कान लोधी , रानी लोधी , सुहानी और अंकिता को उनके अप्रतिम प्रस्तुतीकरण के लिए पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम में शाला प्राचार्य विभा दुबे,विक्रम कुमार शर्मा , दिनेश कुमार पटेल,जय कुमार सोनी,रश्मि जाट,रुचि चौरसिया, पी एस राजपूत,अमित दुबे, सीताराम पटेल,शैलेन्द्र झरिया, संजुलता खरे,दुर्गेश साहू ,विनोद कहार,वंदना चौरसिया,ऊषा पचोरी ,दिनेश पटेल,निशा अग्निहोत्री, रिया सेन और कीर्ति चौधरी की उपस्थिति रही।

## पोधरोपण का दिया संदेश

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विश्व पृथ्वी दिवस पर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने जल, पौधों, जीवन, जंगल, जमीन सहित जलचर, नभचर, थलचर के प्राणियों के कल्याण व सुरक्षा के लिए कार्यों व समस्याओं को रेखांकित करने वाली पेंटिंग बनाई। प्रतियोगिता के माध्यम से नागरिकों को जल के महत्व व उसके सदुपयोग करने, पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा, जैविक कृषि को बढ़ावा देने आदि से संबंधित जागरूक किया।

# फ्रिज से बेहतर मटके का पानी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रेलवे चिकित्सक डॉ आरआर कुर्रे ने बताया कि गर्मी के दिनों में ठंडा पानी मिल जाए तो क्या कहना, परन्तु हमें ध्यान रखना चाहिए कि फ्रिज से बेहतर मटके का पानी है।

उन्होंने बताया कि.फ्रिज के पानी पीने से हार्ट, पाचन और ब्रेन पर काफ़ी विपरीत असर होता है। ठंडा पानी पीने से पाचन धीमा होता है। इससे गैस अपच, पेट फूलना और भारीपन होने लगता है। फ्रिज के ठंडे पानी से आंत सिकुड़ने लगती हैं। कॉस्टिंपीशन होने से पेट साफ नहीं होता है। फ्रिज का ठंडा पानी पीने से हार्ट रेट कम होने लगता है तथा ब्लड वेसल सिकुड़ने से हार्ट अटेक का खतरा रहता है।



उन्होंने बताया कि वेसल सिकुड़ने से ब्लड फ्लो कम होता है। जिससे ऑक्सीजन ब्रेन मे कम होने से सिर दर्द हो सकता है। गले और रेस्पॉरेट्री सिस्टम पर भी असर होता है। गले में इन्फेक्शन हो सकता है। सदी-खांसी होना आम बात है। कफ बनने से स्वांस लेने में तकलीफ हो सकती है। अत: हमें कमरे के तापमान के अनुसार मटके का पानी पीना चाहिए।

फ्रिज का पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, जबकि मटके का पानी पीने से इमून सिस्टम बढ़त है। गैस, कब्ज, एसीडिटी नहीं होता है। लू लगने से बचाव तथा ब्लड प्रेसर में फायदा होता है। आयरन की कमी नहीं होती एवं त्वचा रोग बीमारी में भी फायदा होता है, क्योंकि. यह प्राकृतिक ठंडा पानी है।

मिनरल शरीर को मिलते हैं एवं धीरे-धीरे शरीर को ठंडा करते हैं। सबसे बड़ी बात यह गांव-शहर में आसानी से मिल जाता है और इससे बिना बिजली के ठंडा पानी मिलता है। मटके के पानी को कहे हां और फ्रिज के पानी को कहे न। स्वस्थ रहे और अपने परिवार को स्वस्थ रखें।

# शिक्षक संघ की संभागीय चुनाव से पूर्व बैठक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संगठनात्मक, व्यवहारिक, सामाजिक दृष्टिकोण से प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है। जिसकी रीति नीति के प्रदेश के सभी बड़े अधिकारी प्रशंसक है और संघ के शिक्षा हितैषी कार्यक्रमों से प्रभावित हैं। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रदेश का इकलौता ऐसा संगठन है जहां विकासखंड से लेकर प्रांतीय स्तर तक के चुनाव संवैधानिक तरीके से होते हैं। यहां आर्थिक शुचिता का ध्यान रखा जाता है। वरिष्ठता, सर्वानुमति, सर्व सहमति, सक्रियता, समर्पण भाव के कारण इस संगठन में साधारण कार्यकर्ता भी पदाधिकारी बनकर आगे बढ़ता चला जाता है। उक्त आशय के उद्गार विगत दिवस मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित शिक्षक संघ के संभागीय चुनाव से पूर्व प्रांताध्यक्ष ने संभागीय बैठक के प्रथम चरण में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व प्रांताध्यक्ष डॉ.छत्रवीर सिंह राठौर, प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता, प्रांतीय मीडिया प्रभारी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव,प्रांतीय शैक्षिक आयाम प्रमुख विजय शुक्ला, प्रांतीय सह संगठन मंत्री नंदकुमार शुक्ला, पूर्व संभागीय सचिव डॉ.सीएल कोष्ठी आदि ने सरस्वती पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत की।



इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा विजय शुक्ला को संभागीय निर्वाचन अधिकारी घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता ने संभागीय निर्वाचन की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हमारी परिपाटी सर्वसम्मति से निर्वाचन कराने की है। बैठक के द्वितीय चरण में पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हो गई।इसमें छिंदवाड़ा के तोरण लाल परतेती संभागीय अध्यक्ष, जबलपुर की श्रीमती राजकुमारी गुप्ता संभागीय सचिव, बालाघाट के प्रहलाद पटले संभागीय कोषाध्यक्ष, जबलपुर के कालीचरण राय उपाध्यक्ष,नरसिंहपुर के कीर्ति निधि दुबे सह सचिव तथा बालाघाट के एस आर उके, मंडला के सोवतराम कुर्वेति, कटनी के दिनेश कुमार शुक्ला, पांढुर्ना के वामन फुकड़े को कार्यकारिणी सदस्य एवं डिंडोरी के टीकाराम सिंगौर, सिवनी के मुकेश कुमार जैन को मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया। निर्वाचन में नरसिंहपुर से प्रांतीय मीडिया प्रभारी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व संभागीय सचिव डॉ.सीएल कोष्टी, जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश त्यागी, पूर्व अध्यक्ष अंचल शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह,राजेश ठाकुर, सहसचिव अम्वरीश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अशेष बुधौलिया, स्वतंत्र खरे, होतीलाल शर्मा, भगवत झारिया,कीर्तिनिधि दुबे आदि ने भाग लिया।

# विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

**गोटेगांव, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर मप्र के निर्देश अनुसार न्यायालय की तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव द्वारा 22 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत कुम्हड़ाखेड़ा के आईटीआई के कक्ष गोटेगांव जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।



आयोजित शिविर न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रकिया की जानकारी तथा जन सामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने एवं न्याय के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है साथ ही नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजनाएं 2015 के बारे में जानकारी प्रदान की गई नशे से व्यक्ति के पारिवारिक सामाजिक एवं आर्थिक जीवन के दुष्परिणाम आर्थिक बोझ पारिवारिक समन्वयवता के अभाव के बारे में बताया गया किशोर को नशे से मुक्त रहने के लिए जागरूक किया गया एवं किसी अन्य व्यक्ति को तंबाकू का सेवन करते देखे जाने पर रोक टोको कि समझाएं दी गई।

शिविर में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री साक्षी शुक्ला ग्राम पंचायत कुम्हडाखेड़ा के सचिव सरपंच एवं न्यायालयीन कर्मचारी पैरालीगल वालंटियर आदि उपस्थित रहे।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

